आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अक्टुबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार इस साल एक अप्रैल से किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिजली बिल माफ करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लम्बित प्रार्थना पत्रों को पन्द्रह अक्टूबर तक निस्तारित कर दिया जायेगा। श्री मौर्य आज कौशाम्बी में समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि और किसानों के हितों के लिये लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के नलकूपों के बिजली बिल माफ करने की घोषणा की थी। इसके लिये चालू वित्तीय वर्ष के बजट में धनराशि का भी प्रावधान किया गया है। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों और वंचितों की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। पहले की सरकारों में गरीबों के लिये आने वाला राशन अमीरों के पास जा रहा था। उनकी सरकार ने बड़ी संख्या में अपात्र लागों के राशन कार्ड निरस्त किये और केवल पात्र लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया।

उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भूमि विवादों में तहसील स्तर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपालों की जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में भूमि विवाद सहित अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिये तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये गये हैं।

****

वाराणसी जिला न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वे और उसकी रिपोर्ट जमा करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण– एएसआई को चार सप्ताह का समय दे दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि इसके बाद सर्वे की अवधि नहीं बढ़ाई जाएगी। ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की अवधि छह अक्तूबर को समाप्त हो रही थी। इसके अलावा ज्ञानवापी प्रकरण से जुड़े अन्य सभी मामलों की सुनवाई बारह अक्तूबर को होगी। व्यास जी के तहखाने के संबंध में दाखिल ट्रांसफर आवेदन पर आज शाम तक आदेश आ सकता है।

****

रेहड़ी–पटरी विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पचास लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें संतोष है कि पीएम स्वनिधि योजना से न सिर्फ देशभर के रेहड़ी–पटरी वालों का जीवन आसान हुआ है, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ जीने का अवसर भी मिला है।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन समृद्धि, संपन्नता, स्वावलंबन और सम्मान के प्रकाश से आलोकित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के लाखों स्ट्रीट वेंडर्स को भी आत्मनिर्भर बनाने वाली यह योजना समर्थ भारत–स्वावलंबी भारत की निर्माण यात्रा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस वर्ष पहली जुलाई से इस कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया। संयुक्त प्रयासों की बदौलत छियासी अरब रुपये के, करीब छियासठ लाख ऋण, पचास लाख से अधिक लाभार्थियों को वितरित किये गये। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पचास हजार रुपये तक के ऋण बिना किसी प्रतिभूति के दिए जाते हैं।

****

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के आवेदन पोर्टल–**डीबीटी वाईएएस डॉट स्पोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन** पर अगले महीने की दो तारीख तक जमा कराए जा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं। मंत्रालय प्रत्येक वर्ष खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। वर्ष 2023 के लिए इन खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

****

भारत ने चीन में चल रहे उन्नीसवें एशियाई खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य सहित कुल 84 पदक जीत लिए हैं। एथलेटिक्स में कल पुरूषों के भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ 88 दशमलव आठ–आठ मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, किशोर कुमार जेना ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 दशमलव पांच–चार मीटर तक भाला फेंककर रजत पदक जीता।

****

आई.सी.सी. एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत हो गई है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच आज उद्‌घाटन मैच खेला जा रहा है। इंग्लैण्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 282 रन बनाये।

****